झाँसी और जालौन को जोड़ने वाले लिंक एक्सप्रेसवे से बदलेगी बुन्देलखण्ड की सूरत

- डिफेन्स कॉरिडोर, बीडा और फार्मा पार्क से बुन्देलखण्ड बन जाएगा उद्योगों का हब

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : प्रदेश सरकार बुंदेलखंड के कायाकल्प के लिए झांसी और जालौन को जोड़ने वाला एक और लिंक एक्सप्रेसवे बनाने जा रही है। करीब 115 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेसवे के बनने से बुंदेलखंड की सूरत बदल जाएगी। इससे डिफेंस कारिडोर का औद्योगिक ईकोसिस्टम और बेहतर होगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे से जोड़ने की पहल पहले ही सरकार कर चुकी है। इसका सीधा लाभ लखनऊ, कानपुर, आगरा, चित्रकूट और झांसी के डिफेंस कारिडोर के नोड को मिलेगा। योगी सरकार बुंदेलखंड में विकास के लिए तेजी से काम कर रही है। डिफेंस कारिडोर, बीडा और फार्मा पार्क से बुंदेलखंड उद्योगों का हब बन जाएगा। एक्सप्रेसवे बनने से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे ललितपुर में दो चरणों में करीब 1500 एकड़ में बन रहे फार्मा पार्क में भी औद्योगिक माहौल तेजी से बनेगा। करीब 1300 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला झांसी-जालौन लिंक एक्सप्रेसवे शुरू में चार लेन का होगा। भविष्य में इसे छह लेन तक विकसित किया जा सकेगा। इसमें जमीन अधिग्रहण की अनुमानित लागत 228 करोड़ रुपये है। सरकार दो किस्तों में 220 करोड़ रुपये स्वीकृत कर चुकी है। सरकार बुंदेलखंड में लगातार खेतों और लोगों की प्यास बुझाने के लिए भी काम कर रही है। अर्जुन सहायक नहर जैसी बड़ी परियोजना पूरी करने के साथ सरकार ने करीब पांच से छह दर्जन छोटी और मझोली परियोजनाओं को